आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 02.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नामांकन पत्र जमा करने का कल अंतिम दिन है।

2— प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में नामांकन वापसी के बाद एक नगर पंचायत अध्यक्ष और तैंतीस पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए।

3— कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच चल रही है मुठभेड़ — बीजापुर में कल मुठभेड़ में मारे गए आठ माओवादियों पर घोषित था सोलह लाख रूपए का इनाम।

**और**

4— उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल के छठवें दिन आज छत्तीसगढ़ ने योगासन में कांस्य पदक हासिल किया।

..............

**<u>पंचायत चुनाव—नामांकन</u>**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नामांकन पत्र जमा करने का कल अंतिम दिन है। वहीं, परसों चार फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी।

## निकाय चुनाव–निर्विरोध निर्वाचन

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में नामांकन वापसी के बाद एक नगर पंचायत अध्यक्ष और तैंतीस पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

**महासमुंद जिले की नगर पंचायत बसना में डॉक्टर खुशबू अभिषेक अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। अधिकृत जानकारी के मुताबिक बिलासपुर नगर निगम से एक, नगर पालिका परिषद लोरमी से दो, नगर पंचायत पथरिया से दो, नगर पंचायत नया बाराद्वार से एक, नगर पंचायत डभरा से दो, नगर निगम कोरबा से एक, नगर पालिका दीपका से एक और नगर पालिका कटघोरा से एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। इसी तरह, नगर निगम रायगढ़ से दो, नगर पंचायत बिलाईगढ़ से तीन पार्षद निर्विरोध चुने गए हैं। साथ ही नगर पंचायत प्रतापपुर, सीतापुर, बगीचा, समोधा और फिंगेश्वर से एक–एक पार्षद निर्विरोध चुना गया है। इसी तरह नगर पालिका सरायपाली में दो, नगर पंचायत बसना में तीन पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा**

**नगर निगम दुर्ग में एक, नगर पंचायत डौंडी में दो नगर पंचायत चिखलाकसा और बारसूर में एक–एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुआ है।**

**वहीं, उप चुनाव के तहत नगर पालिका भिलाई और नगर पंचायत कोंटा में एक–एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुआ है।**

**समाचार डेस्क, आकाशवाणी, रायपुर**

**<u>रायपुर–नगर निगम</u>**

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। मतदान को अब करीब आठ दिन बचे हैं। सभी प्रमुख दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना प्रचार तेज कर दिया है।

आकाशवाणी समाचार ने प्रदेश के जिन दस नगर निगमों में चुनाव हो रहा है, उनके चुनावी परिदृश्य की तस्वीर पेश करने के लिए एक श्रृंखला शुरू की है। इसकी पहली कड़ी के रूप में पेश है रायपुर नगर निगम की यह रिपोर्ट –

राज्य के सबसे महत्वपूर्ण रायपुर नगर निगम में महापौर पद के लिए सोलह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी मीनल चौबे और कांग्रेस की प्रत्याशी दीप्ति दुबे के बीच देखा जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि वे बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में उतरी हैं।

वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने बताया कि राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाना और महिलाओं का सशक्तीकरण उनका मुख्य मुद्दा होगा।

सत्तर वार्डों वाले रायपुर नगर निगम में दस लाख छत्तीस हजार से अधिक मतदाता हैं। इनमें पांच लाख पन्द्रह हजार से अधिक पुरूष और पांच लाख बीस हजार से अधिक महिला मतदाता हैं। वहीं, दो सौ चौव्वन तृतीय लिंग के मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए एक हजार पंचानवे केन्द्र बनाए हैं।

इस बीच, निगम चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाल गंगाधर तिलक वार्ड के मतदाता ब्रजेश सिंह ने रायपुर की यातायात व्यवस्था को व्यस्थित करने की सलाह दी है।

इसी तरह, एक अन्य मतदाता गोपाल मरोड़िया ने रायपुर नगर निगम को राजधानी के अनुरूप विकास करने की बात कही।

**अभिषेक कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार डेस्क आकाशवाणी रायपुर।**

**कांग्रेस–आरोप पत्र**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार के खिलाफ पच्चीस बिन्दुओं में आरोप पत्र जारी किया है। आरोप पत्र में राज्य सरकार के एक साल के कार्यकाल को दिशाहीन बताते हुए कहा है कि सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में आरोप पत्र जारी किया।

वहीं, कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव के तहत उनचास नगर पालिकाओं के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रभारियों में वरिष्ठ नेताओं से लेकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

**माओवादी मुठभेड़–शिनाख्त**

कांकेर जिलें में कोयलीबेड़ा इलाके के पानीडोबिर के जंगलों में आज दोपहर से पुलिस और माओवादियों के बीच रूक–रूक कर मुठभेड़ हो रही है। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इस बीच, बीजापुर में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए सभी आठ माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। मारे गए माओवादियों पर कुल सोलह लाख रूपए का इनाम घोषित था। वहीं, मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

उधर, इसी जिले में आज सुरक्षा बलों की टीम ने उसूर–आवापल्ली मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए पच्चीस किलोग्राम का आईईडी बरामद किया है, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने निष्क्रिय कर दिया है।

## विश्व कप–महिला क्रिकेट

भारत ने आईसीसी अंडर–नाइंटीन महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया है। क्वालालाम्पुर में आज फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल के छठवें दिन आज छत्तीसगढ़ ने योगासन में कांस्य पदक हासिल किया है। अब तक छत्तीसगढ़ ने पांच स्वर्ण और छह कांस्य पदक सहित ग्यारह पदक प्राप्त किए हैं।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ अब तक इन राष्ट्रीय खेलों में ग्यारह पदक जीत चुका है।

**बजट—प्रतिक्रिया**

केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा कल संसद में पेश बजट का छत्तीसगढ़ में समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वागत किया है।

आदिवासी नेता और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने इसे सर्व समावेशी बजट बताया है।

**महाकुंभ—अमृत स्नान**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर कल अमृत स्नान होगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश शासन ने विशेष प्रबंध किए है। करीब सत्रह सौ चिकित्सा कर्मियों की मेडिकल फोर्स तैनात की गई है। इसके अलावा श्रध्दालुओं को महाकुंभ मेला स्थल तक पहुंचाने के लिए यूपी रोडवेज करीब ढाई हजार बसें चला रहा है।

**सिविल जज—आवेदन तिथि**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सिविल जज भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि तेईस फरवरी तक बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि चौबीस जनवरी थी। आयोग द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि सिविल जज की भर्ती के लिए अब विधि स्नातक भी आवेदन कर सकते हैं। पहले विधि

स्नातक होने के साथ ही अधिवक्ता के रूप में नामांकित होना जरूरी था। लेकिन हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के परिपालन में यह शर्त हटाई गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश में सिविल जज के संतावन पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए बीते छब्बीस दिसंबर से आवेदन भरे जा रहे हैं।

**फर्जी हस्ताक्षर–गिरफ्तारी**

सक्ती जिले के बाराद्वार पुलिस ने अवैध फ्लाईएश डंपिंग के मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी रायगढ़ जिले के खरसिया का रहने वाला है। उस पर आरोप है कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी सील बनवाई और कलेक्टर तथा खनिज अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर फ्लाईएश डंपिंग का आदेश जारी किया।

**संक्षिप्त समाचार**

– बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में श्रद्धा, आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थस्थल में जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में शामिल हुए।

– धमतरी जिले में मगरलोड इलाके के ग्राम बेन्द्राचुआ में आज तेंदुए के हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई।

–  कोरबा जिले की दीपका पुलिस ने नौकरी के लिए रिश्वत देने के मामले में संजय दास के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है।

और

–  दुर्ग पुलिस ने आज सुबह तलपुरी कॉलोनी में छापा मारा। इस दौरान पन्द्रह सौ से अधिक घरों की तलाशी ली गई। संदिग्ध गतिविधियों में शामिल करीब चालीस लोगों से थाने में पूछताछ की जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>